**खबर संक्षेप**

## 6 साल के जैद ने रखा पहला रोज़ा

मण्डला। मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह रमजान चल रहा है। रमजान के महीने में मुस्लिम समाज के लोग पूरे 1 माह तक उपवास रखते हैं जिसे रोजा कहा जाता है। इस दौरान सूर्योदय के पूर्व से लेकर सूर्यास्त तक रोजेदार कुछ भी खाते पीते नहीं है। रोजे रखने को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह देखा जाता हैं। ऐसे ही एक उत्साही बालक जैद ने रमजान माह के 28वे रोज़े के दिन शनिवार को अपना पहला रोज़ा रखा। कलेक्ट्रेट हाउसिंग सोसायटी निवासी सैयद कमर अली के पोते और सैयद इम्तियाज अली के बेटे सैयद जैद अली ने 6 साल की उम्र में अपना पहला रोज़ा रखा।

## श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में ग्रीष्मकालीन जैन पाठशाला प्रारंभ

मण्डला। प्रतिदिन रात्रि में 7 बजे से 7.30 तक फिर 7.30 8.00 बजे तक लगेगी पाठशाला में संस्कार धार्मिक शिक्षण अन्य गतिविधियो को भी सिखाया जाएगा। प्रति रविवार को सुबह 8 बजे पूजन नाश्ता रात्रि में 7 .30 बजे मस्ती की पाठशाला भजन नृत्य गेम आदि कार्यक्रम पुरस्कार वितरण आदि का कार्यक्रम होगा। जिन बच्चों ने अपने अपने नाम दिये और जो बच्चे आए और उनके माता पिता का आभार (बच्चों को भेजने के लिए) बच्चे आए उनके भावों की पुण्य की बहुत बहुत अनुमोदना वधाई हो। बच्चों ऐसे ही छोटे छोटे संस्कार और नियम एक दिन हमें अपनी पहचान स्थान और हमारी प्रगति सफलता में सहायक होते हैं। इसलिये प्रतिदिन आधा घंटे का समय जरूर निकाले और धर्म लाभ लें। आज तो पहला दिन फिर भी उम्मीद से ज्यादा लगभग 15 से 20 बच्चे आए और नाम तो 35 बच्चों के आ गए है बहुत खुशी की बात है कि हमारी पाठशाला बहुत ही शीघ्र मंडला जैन समाज का नाम रोशन करेंगी।

### मातृशक्तियों द्वारा आज निकाली जाएगी भव्य वाहन रैली

# शक्ति की भक्ति का पर्व प्रारंभ





*** हिन्दु नववर्ष पर होंगे विविध आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आज से हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत 2082 का शुभारंभ हो रहा है इस अवसर पर पूरे जिले में विविध आयोजन आयोजित किये जा रहे हैं सनातनी द्वारा जहां नववर्ष के प्रारंभ पर अपने-अपने घरों में धार्मिक ध्वज स्थापित किये जा रहे हैं तो वहीं आज से नवरात्र भी प्रारंभ हो रहे हैं। शक्ति की भक्ति करने वाले विभिन्न शक्ति पीठों में आज से देवी उपासना प्रारंभ करेंगे सुबह से ही इन शक्ति पीठों में जल चढ़ाने वालों की भीड़ नजर आयेगी तो वहीं शक्ति पीठों कलश स्थापना एवं जवारे भी बोये जायेंगे। अनेक शक्ति पीठों में सतचण्डी यज्ञ एवं सप्तसती का पाठ किया जायेगा और कन्या भोजन का सिलसिला भी प्रारंभ होगा। चेट्रीचण्ड महोत्सव भी आज है जिस पर सिंधी समाज के लोगों के द्वारा पिछले काफी दिनों से विविध आयोजन किये जा रहे हैं आज विशाल रैली के माध्यम से ये अपनी भक्ति का प्रदर्शन करेंगे।

श्रीराम मंदिर पड़ाव में सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला शहर की मातृशक्तियों की अंतिम बैठक संपन्न हुई। बैठक में 30 मार्च, रविवार को निकलने वाली दो पहिया वाहन रैली की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया।

रैली की मीडिया प्रभारी पूजा ज्योतिषी ने बताया कि सनातन धर्मोत्सव परिवार द्वारा आयोजित मातृशक्ति वाहन रैली का शुभारंभ 30 मार्च को राजीव कॉलोनी दुर्गा मंदिर से दोपहर 3 बजे किया जाएगा। यह रैली नगर भ्रमण करते हुए लालीपुर चौक दुर्गा मंदिर में संपन्न होगी। आयोजक समिति ने मंडला जिले की समस्त मातृशक्तियों से अपील की है कि वे भगवा वस्त्र और पगड़ी धारण कर इस दो पहिया वाहन रैली में शामिल हों। साथ ही, वे अपने घर और वाहन पर भी भगवा ध्वज लगाएं। सनातन धर्मोत्सव परिवार की ओर से पहली बार आयोजित इस वाहन रैली को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है।

मीडिया प्रभारी पूजा ज्योतिषी ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में धार्मिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना, समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार को बढ़ावा देना है। यह आयोजन मातृशक्ति के सम्मान, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ सामाजिक एकता एवं संस्कारों को मजबूत करने का भी एक माध्यम है। यह रैली धार्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना और महिलाओं की आध्यात्मिक भूमिका को सशक्त बनाने का प्रयास भी करेगी।

### सृष्टि आरंभ दिवस पर निकलेगी चुनरी व कलश यात्रा

नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट माहिष्मति घाट मंडला के तत्वाधान में सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ के अवसर पर भव्य चुनरी एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। रविवार, दिनांक 30 मार्च 2025 की शाम 5 बजे चुनरी व कलश यात्रा का शुभारंभ मां शीतला माता मंदिर, जेल ग्राउंड से शुरू होगा। चुनरी व कलश यात्रा का समापन माहिष्मति घाट में होगा। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट माहिष्मति घाट ने सभी मंडलावासियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।



## जवानों द्वारा आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

देश की आंतरिक सुरक्षा एवं नक्सलवाद, माओवाद का खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 148 वी बटालियन मध्य प्रदेश के मंडला एवं बालाघाट में तैनात है तथा विक्रांत सारंग पाणी कमांडेंट 148 वाहिनी के मार्गदर्शन में एफ/148 बटालियन भिलवानी द्वारा आम जनता के बीच भारत सरकार एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रति सकारात्मक सोच एवं पुलिस पब्लिक सहयोग को बढ़ाने हेतु सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। हाल ही में मंडला एवं बालाघाट जिले में कई निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने के उपरांत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 148 बटालियन के द्वारा दिनांक 29 3.2025 को ग्राम पंचायत खटोला में निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। ग्राम भिलवानी, खटोला, चंदिया, आमाटोला एवं अजय नगर के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर जीवन रक्षक दवाइया प्राप्त की। इस अवसर पर रत्नेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि 148 बटालियन आने वाले समय में मंडला और बालाघाट के नक्सल प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों के लिए इस तरह के कई आयोजन करती रहेगी।

इस आयोजन में ग्राम पंचायत खटोला और आसपास क्षेत्र में निवास करने वाले अनेक ग्रामीणों ने भाग लिया तथा उनमें इस कार्यक्रम को लेकर अत्यधिक उत्साह व संतोष था। उक्त कार्यक्रम से ग्राम पंचायत खटोला के ग्राम वासियों ने निशुल्क जीवन रक्षक दवाइयां का प्राप्त की तथा 148 बटालियन द्वारा आयोजित इस कल्याणकारी कार्यक्रम हेतु ग्रामीणों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

इस आयोजन के दौरान 148 बटालियन के उप कमा. अरुण कुमार, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रत्नेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ भाग्य लक्ष्मी (मेडिकल ऑफिसर), नि/जीडी हिवाले नितिन भीमराव ,(कंपनी कमांडर एफ/ 148 बटालियन) निरीक्षक जीडी शेर सिंह एवं थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक धर्मेंद्र धुर्वे, डॉक्टर ओ पी पटेल, डॉक्टर किरण, डॉक्टर नंदलाल नायक एवं लैब टेक्नीशियन व स्टाफ नर्स प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया और जनपद सदस्य श्रीमती सरिता उइके, ग्राम पंचायत खटोला सरपंच श्रीमती दयावती मरावी, रोजगार सहायक विश्वनाथ यादव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## अतिथि शिक्षक की भर्ती पर फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम देवघर के नवीन हाई स्कूल में पदस्थ साला प्रभारी जयदेव मांको द्वारा फर्जी तरीके से अखिलेश बरकडे निवासी ग्राम सुरंग वानी की अतिथि शिक्षक वर्ष 2024 25 में नियुक्त की गई है जबकि अतिथि शिक्षक की नियुक्ति पूर्व पैनल में शामिल आवेदकों की नियुक्ति की जानी थी परंतु उनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया अखिलेश बरकडे ग्राम सुरंग वानी की अतिथि शिक्षक नियुक्त करने हेतु किसी भी प्रकार निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया और ना ही किसी प्रकार का इश्तहार जारी किया गया साला प्रभारी जयदेव कुमार एवं अखिलेश बरकडे द्वारा साथ गांठ करके शासकीय मानदेय राशि का आहरण कर दुरुपयोग किया जा रहा है जो कि आपराधिक श्रेणी में आता है यह शिकायत मनमोहन सिंह द्वारा जिला सहायक आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी को की है एवं जनपद पंचायत नारायणगंज सीईओ गौरी शंकर डेहरिया एवं बीईओ राजेश विश्वकर्मा को भी लिखित शिकायत दी गई है कि तत्काल इसकी जांच की जानी चाहिए एवं दोषियों पर कार्यवाही की जाने चाहिए इस संबंध में राजेश विश्वकर्मा वीडियो कार्यालय नारायणगंज से संपर्क किया गया जिसमें कहा गया कि मुझे आवेदन प्राप्त हुआ है मैं शीघ्र ही इस मामले की जांच करूंगा।





## चित्रकला स्पर्धा में झूलेलाल साईं की प्रतिमा निखारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सिंधी समाज के आराध्य देव श्री झूलेलाल भगवान की जयंती के अवसर पर विभिन्न आयोजन की श्रृंखला में शनिवार को चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग आयु वर्ग के लिए अलग आयोजन किए गए। नन्हे बाल कलाकारों के लिए साईं झूलेलाल के चित्र में रंग भरने की प्रतिस्पर्धा रही। सभी आयु वर्ग के लिए मानव सेवा सच्ची सेवा, स्वच्छता प्रेरणा, चैटीचण्ड्र महोत्सव विषय पर चित्रकारी एवं रंग भरने का आयोजन किया गया। नन्हे बाल कलाकारों के लिए सिंधी नर्सरी रायम्स कविताओं प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, इसमें समय सीमा निर्धारित की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिंधियत को प्रोत्साहन देना रहा एवं बाल कलाकारों को हमारे इष्ट देव की आराधना करने के लिए प्रेरित किया गया, इसके साथ ही स्वच्छता प्रतिस्पर्धा में जागरूकता संदेश के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया। पेंटिंग के माध्यम से नगर की स्वच्छता के लिए सकारात्मक संदेश दिया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में बाल कलाकारों के साथ हर उम्र के सदस्यों ने सहभागिता की और आयोजन को सफल बनाया। नन्हे कलाकारों के लिए आयोजित नर्सरी रायम्स कविताओं में बाल प्रतिभाओं ने भगवान झूलेलाल से संबंधित कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया ।प्रतिस्पर्धा में विजेता प्रतिभागियों को सम्मान देकर पुरस्कृत किया गया।





**पर्व** | **श्री झूलेलाल साईं के गीतों पर सिंधु संगीत संध्या का हुआ आयोजन।**

# धार्मिक आस्था भक्ति गीतों पर झूम उठे श्रद्धालु





*** भगवान श्री झूलेलाल एवं नवरात्रि पर्व पर हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सिंधी समाज के द्वारा चैटीचण्ड्र महोत्सव के उपलक्ष में विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में शुक्रवार शाम को एक शाम सिंधीयत के नाम आयोजन किया गया जिसमें इंदौर से आए मशहूर कलाकार अजय मुकेश एवं मुंबई से आईं कलाकार प्रिया केसवानी ने धार्मिक,सामाजिक, भगवान झूलेलाल साईं की आराधना, आस्था गीतों पर मनमोहन प्रस्तुति दी। आयोजन की शुरुआत भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना से की गई, इसके पश्चात पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधु नवयुवक मंडल एवं सामाजिक जनों ने गीत गायक एवं उनकी टीम का फूल मालाओं से स्वागत सत्कार किया और अपनी खुशियां जाहिर कीं। इसके पश्चात मनमोहक गीतों का सिलसिला चालू हुआ। गायकों ने अपनी सुरीली आवाज में भगवान झूलेलाल साईं की उपासना गीतों पर शानदार प्रस्तुति जिससे श्रद्धालु गण झूम उठे। आयोजन का उद्देश्य सिंधीयत की शान, सिंधी है हमारी बोली,घर-घर सिंधीयत की अलख जगाना है।उन्होंने हमारी सिंधी बोली के प्रसार और रोजाना की दिनचर्या में इसको महत्व देने की बात कही और परिवारों से सिंधी बोली को प्रसारित करने की अपेक्षा की। कार्यक्रम में पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने गीतों पर झूम कर आराधना करते हुए सहभागिता की। आयोजन में प्रसादी के रूप में स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आस्था प्रेमी शामिल रहे और आयोजन को सफल बनाया।सिंधु संगीत संध्या में अंतिम चरण में सामूहिक रूप से पल्लव पूजा करते हुए सभी परिवारों की खुशहाली की कामना की गई।



# तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय द्वारा मात्र 26 दिन के अंदर फैसला सुनाते हुये दिया आजीवन कारावास की सजा






**गाडरवारा।** इस तरह मासूमों की ओर गंदी नजर डालने वालों के खिलाफ न्यायालय द्वारा इस तरह शीघ्रता के साथ निर्णय सुनाते हुये दंड़ित करने लगे तो इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगते हुये नजर आने लगेगा। क्योंकि बीते हुये दिवस जिस तरह स्थानीय न्यायालय की विद्यवान न्यायाधीश मा. श्रीमति डॉ. अंजली पारे विशेष न्यायाधीश द्वारा तीन साल की मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को घटना के मात्र 26 दिनों के अंदर सुनवाई करते हुये जिस प्रकार से आजीवन कारावास की सजा से दंडित करने का निर्णय सुनाया गया है। इस निर्णय को लेकर जहां लोगों द्वारा खुले मन से सराहना करते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर इतनी कम दिनों में आरोपी को सजा देते हुये सलाखों के पीछे भेजने का निर्णय भी इस नगर के इतिहास में पहलीवार देखने मिला होगा जिसके चलते यह निर्णय निश्चित तौर से इतिहास के पन्नों में दर्ज होने से नही चूक पायेगा। क्योंकि यह निर्णय घटना दिवस से मात्र 38 दिन तथा मा.न्यायालय के समक्ष पेश होने के बाद न्यायालय की प्रक्रिया में 26 दिन ही लगे और आरोपी को सजा मिलते हुये जीवन भर के लिये सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। वही दूसरी ओर यह निर्णय नवीन आपराधिक कानून 2023 के तहत बीएनएस की धारा में उत्कृष्ट कार्यवाही के परिणाम स्वरूप बताया जाता रहा है। थाना पलोहा बड़ा का अपराध क्रमांक 34/2025 धारा- 137(2),87, 65(2) बीएनएस एवं धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट :- घटना दिनांक 20.02.2025 को आरोपी पप्पू उर्फ खूबचंद पिता कलीराम कौरव उम्र 34 साल निवासी ग्राम लिलवानी, थाना पलोहा बड़ा द्वारा पड़ोस की ही 3 वर्षीय अबोध बच्ची को उठाकर अपने घर ले जाकर दृष्कत्य की घटना कारित किये जाने की रिपोर्ट पर उक्त अपराध कायम कायम किया गया । घटना के संबंध में बताया जाता है कि समीपस्थ पलोहा थाना के अंतर्गत ग्राम लिलवानी में देवी स्वरूपा तीन साल की मासूम को वही के निवासी युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना को लेकर पलोहा पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया। वही दूसरी ओर घटना की गंभीरता को देखते हुये उक्त अपराध को जघन्य सनसनीखेज गंभीर अपराध की श्रेणी मे चिन्हित कर पुलिस द्वारा घटना दिवस यानि की 20 फरवरी 2025 को ही आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया तथा 11 दिवस मे विवेचना पूर्ण कराकर उपलब्ध साक्ष्य की समीक्षा उपरान्त 3 मार्च 2025 को पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ चालान क्रमांक 29/2025 तैयार किया गया है जिसे दूसरे दिन यानि की 4 मार्च 2025 को माननीय विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) गाडरवारा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वही प्रकरण मे कायमी से लेकर विचारण तक जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृखागी डेका द्वारा लगातार मानिटरिंग कर नियत दिनांक पर ही अभियोजन साक्षियों को उपस्थित कराकर साक्ष्य कराई गई तथा विशेष प्रयास कर डीएनए रिपोर्ट प्राप्त कर माननीय न्यायालय मे प्रस्तुत कराई गई। वही माननीय न्यायालय श्रीमति डॉ. अंजली पारे विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा इस विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 04/2025 पर सुनवाई कर मात्र 26 दिवस मे विचारण पूर्ण किया गया तथा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य प्रमाणित पाते हुये आरोपी पप्पू उर्फ खूबचंद पिता कलीराम कौरव उम्र 34 साल निवासी ग्राम लिलवानी, थाना पलोहा बड़ा को धारा 87 बीएनएस मे 05 वर्ष का सश्रम करावास एवं 2 हजार रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट मे आजीवन कारावास (आरोपी के शेष प्रकृत जीवनकाल के लिए) तथा 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। बताया जाता है कि इस सनसनी खेज मामले में संपूर्ण विवेचना गाडरवारा पुलिस थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक मनीषा लिल्हारे द्वारा की गई थी तथा शासन की ओर से आरोपी को सजा दिलाने के लिये पैरवी श्रीमति संगीता दुबे सहायक जिला अभियोजन अधिकारी गाडरवारा द्वारा अपने तर्क व साक्ष्य प्रस्तुत किये गये जिसके चलते माननीय न्यायालय श्रीमति डॉ. अंजली पारे विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा अपना निर्णय सुनाते हुये आरोपी को आजीवन कारावास सहित अर्थ दंड की सजा से दंडित किया गया।

# आज से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व समृद्धि की वृद्धि करने वाली रहेगा माँ जगत जननी का पर्व



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आज से शुरू होने जा रहे नवरात्र के चलते जहां नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में देवी दरबारों पर विशेष तैयारिया काफी दिन पहले से ही शुरू हो चुकी थी। मगर आज नवरात्र शुरू होते ही मंदिरों पर भीड़ का आलम दिखाई देना शुरू हो जावेगा। नवरात्र के नौ दिनों में माँ दुर्गा के 9 अलग अलग स्वरूपों की पूजन की जाती है। इस बार शक्ति की पूजा का महापर्व का शुभारंभ आज 29 मार्च रविवार के दिन से हो रहा है। चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ विशेष नक्षत्रों के बीच हो रहा है। वैसे भी देखा जावे तो शनि अमावस्या के उपरांत व सूर्य भगवान के प्रिय दिवस रविवार से नवरात्र का शुभारंभ होना यह बड़ा संगम है। क्योंकि यही कारण समृद्धि की वृद्धि करने वाला बताया जाता है। नवरात्रि में भगवती की पूजन श्रद्धा और आस्था स करने से भक्तों को फल मिलता है। चैत्र नवरात्र के साथ ही इसी दिन से नव संवत्सर की भी शुरूआत हो जाती है। वही तिथियों की घटबढ़ नही होने के कारण इस बार संपूर्ण 9 दिवसीय नवरात्रि पड़ रही है जो लाभकारी साबित होने से नही चूकेगी। बताया जाता है कि गुड़ी पड़वा से ही नव संस्सर का श्रीगणेश होगा और वासन्तिक चैत्र नवदुर्गा प्रारंभ होगी। इस समय को संधिकाल माना गया है। संधिकाल में भगवती दुर्गा, महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती की जो आराधना करता है उसे वर्षभर शक्ति, धन, अर्थ व सर्वसुख मिलता है। नौदुर्गा यानि की नौ शक्तियां, नवदुर्गा के गुण अलग अलग है। इनकी आराधना करने से नो प्रकार की शक्तियां हमारे जीवन में आ जाती है। आराधना सेसे देहिक, दैविक, भौतिक जो ताप है उनक निवृति भी नौ दुर्गा की आराधना करने स होती है।



# शनि अमावस्या पर नर्मदा तटों पर उमड़ी भीड़ महिलाओं ने अपने घरों में किया पूजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** चैत्र नवरात्र के पूर्व पड़ी शनि अमावस्या के मौके पर जहां क्षेत्र के नर्मदा तटों पर स्नान करने वालों की भीड़ उमड़ते हुये दखी गई तो दूसरी ओर महिलाओं ने अपने घर के आंगनों में पूजन करते हुये सुख समृद्धि की कामना की गई। शनि अमावस्या के दिन भगवान शनिदेव की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन काले तिल सहित काले वस्त्र दान किये जाने से जहां शनिदोष से राहत मिलती है तो दूसरी ओर भगवान भी प्रसन्न होते हैं और तरक्की और खुशहाली का आशीर्वाद देते हैं। इस दिन यदि माता तुलसी माता का पूजन करते हुए परिक्रमा की जाए तो ऐसा करने से घर की दरिद्रता दूर होती है। दूसरे उपाय में इस दिन तुलसी जी को कच्चे दूध के साथ सींचना चाहिए। इसके बाद इसी मिट्टी को माथे पर लगाना चाहिए। ऐसा करने से आपके घर में सुख-समृद्धि आती है। वैसे देखा जावे तो हिन्दू धर्म में शनि अमावस्या का विशेष महत्व है। क्योंकि शनिवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को शनि अमावस्या कहते हैं। हिंदू धर्म के अनुसार शनि अमावस्या के दिन भगवान शनिदेव की पूजा की जाती है। इसके अलावा अमावस्या पर महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पूजा-पाठ करती हैं। जिसे हिन्दू धर्म में बहुत ही शुभ माना गया है। इसी के चलते कल शनि अमावस्या के अवसर पर महिलाओं द्वारा अपने घर के आंगन में माता तुलसी की स्थापना करते हुये पूजन की गई तो दूसरी ओर शनि मंदिरों में भी पूजन के लिये लोगो की लम्बी लाईन लगी हुई देखी गई। इस तरह नवरात्र के पहले बडे ही लम्बे अंतराल से पड़ी शनि अमावस्या के चलते क्षेत्र के नर्मदा तटों पर भी लोगों की भारी भीड़ देखने मिली। वैसे भी देखा जावे तो जिस तरह चैत्र नवरात्र शुभारंभ होने के पूर्व शनि अमावस्या पड़ना और नवरात्र का शुभारंभ शनिवार का दिन से होना विशेष शुभदायक बताया जा रहा है।

सड़क के नीचे की सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये निर्माण कराना साबित हो रहा है शासकीय धन की होली खेलने के समान... ?

# विशेषज्ञों की अनदेखी के चलते कुछ साल पहले बनाई गई करोड़ों की लागत की मॉडल रोड़ चंद दिनों में ही दुर्दशा की शिकार







, **गाडरवारा।** निश्चित तौर से नगर विकास के लिये जब शासन द्वारा कोई राशि प्रदान की जाती है तो नगरवासियों में इस बात की खुशी होती है कि अब उनका शहर भी बडे महानगरों की तरह दिखाई देने से नही चूक पायेगा और बाहर से आने वाले लोग भी हमारे शहर की तारीफ करते हुये देखे जावेगे..? मगर आम लोगों की इस सोच को ग्रहण लगाने में शासन प्रशासन तंत्र में बैठे उन लोगों की अनदेखी ने कोई कसर नही छोड़ी गई है..। क्योंकि जहां नगर विकास के लिये सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि भी खर्च हो जाती है और वह विकास कार्य भी दुर्दशा का शिकार होने से नही बच पाता है..? क्योंकि शासन द्वारा करोड़ो रूपया के रूप में प्रदान की जाने वाली राशि का जब कही कोई विकास कार्य होता है तो उस संस्था में बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों तथा संबंधित विभाग के विशेषज्ञों द्वारा निर्माण के पहले हर माप दंडो को अध्यन करने के बाद ही विकास कार्य को शुरू कराया जाता है तब कही वह विकास कार्य सफल माना जाता है? मगर नगर बीते हुये कुछ वर्षो में हुये विकास कार्यो की सच्चाई तो इस तरह जान पड़ रही है कि मानों प्रशासन तंत्र में बैठे हुये अधिकारियों द्वारा सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि को मात्र ठिकाने लगाने की सोच बना डाली है...? इसी का परिणाम है कि विकास कार्यो में नाम पर खुलेआम शासन की राशि की होली खेलने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। करोड़ो रूपया की राशि से यदि कोई विकास कार्य किया जाता है तो संबंधित विभाग के जिम्मेदार माने जाने वाले इंजीनियरों द्वारा विकास कार्य की गुणवत्ता से लेकर उन बातों का भी ध्यान रखा जाता है कि निर्माण कार्य होने के बाद उसे अन्य किन्ही कारणों से क्षति तो नही पहुंचेगी और इसी कारण से संबंधित विभागों में विशेषज्ञों को तैनात किये जाते है? मगर नगर में हुये विकास कार्य की सच्चाई तो इस तरह जान पड़ रही है कि मानो संबंधित विभाग के अधिकारियों को कोई लेना देना नही रहे गया है तथा विकास कार्य के नाम पर मात्र शासन की धनराशि को ठिकाने लगने में जुटे हुये दिखाई देते हुये जान पड़ने से नही चूक रहे है। इसी के चलते करोड़ो की राशि से होने वाले निर्माण कार्य संबंधित विभाग के विशेषज्ञों की अनदेखी कही जावे या फिर अनुभव हिनता का परिणाम जिसके चलते यह विकास कार्य मात्र चंद दिनों में मेहमान रहने से नही चूक पा रहे है..? कुछ इसी प्रकार क सच्चाई नगर के राठी तिरहा से रेल्वे स्टेशन रोड पर बनाई गई मॉडल रोड़ के रूप में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि नगर में करोड़ो रूपया की राशि से दो भागों में निर्मित होने जा रहे इस मॉडल रोड़ की सच्चाई जहां निर्माण के शुरूआती तौर से ही अपनी गुणवत्ता के लेकर चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाई थी तो दूसरी ओर प्रथम भाग में नगर के तहसील कार्यालय से रेल्वे स्टेशन तक निर्माण कार्य पूर्ण होने के चंद दिवस उपरांत से ही जिस तरह इस मॉडल रोड़ में जहां निकल रहे गड्ढे अपनी गुणवत्ता की कहानी को खुद ही उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है तो दूसरी ओर करोड़ो रूपया की राशि से बनाई गई इस सड़क के बीचों बीच जिस तरह आये दिन पानी के फब्बारे निकालते हुये देखे जा रहे है वह निश्चित तौर से जहां संबंधित विभाग के विशेषज्ञों से लेकर अधिकारियों की अनदेखी की उजागर करने के साथ साथ इस बात को भी स्पष्ट किय जा रहा है कि करोड़ो रूपया की राशि से बनाई गई यह मॉडल रोड मात्र चंद दिनों की मेहमान ही साबित होने के बाद दुर्दशा की शिकार होने से नही बच पायेगी..? क्योंकि बीते हुये लगभग चार पांच साल पहले जिस तरह नगर पालिका द्वारा नगर के तहसील कार्यालय से लेकर रेल्वे स्टेशन तक मॉडल रोड का निर्माण किया गया है उसके ठीक नीचे वर्षो पुरानी नगरी जल सप्लाई लाईन बिछी हुई है तो दूसरी ओर लगभग उसी के ठीक बाजू में हाल ही में नर्मदा जल सप्लाई के लिये भी लाईन का विस्तार किया गया है। इस तरह जल सप्लाई लाईन के ठीक ऊपर से मॉडल रोड़ का निर्माण हो जाने के बाद स्थिति इस तरह से बनते हुये देखी जा रही है कि जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों की आवाजाही होती है तो अंदर की अंदर यह जल सप्लाई लाईन में टूटफूट होने के कारण पानी का लीकेज शुरू हो जाता और सड़क पर फब्बारे के नजारे दिखाई देने लगते है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जल सप्लाई लाईन के ठीक ऊपर से बनाई गई मॉडल रोड़ की लम्बी उम्र की कल्पना कैसे की जा सकती है..? क्योंकि इस तरह जमीन के अंदर पाईप लाईन में इस तरह की टूट फूट होना तो सदा ही चलता रहेगा और उसके सुधार कार्य के लिये मॉडल रोड़ की खुदाई करना भी मजबूरी बन ही जावेगी तो फिर खुदाई करते हुये जब इस पाईप लाईन का सुधार किया जावेगा तो निश्चित तौर से करोड़ो रूपया की राशि से बनाई गई इस मॉडल रोड़ को दुर्दशा का शिकार होने से कोई नही बचा पायेगा? जबकि नियम के अनुसार इस मॉडल रोड़ के निमार्ण पूर्व संबंधित विभाग के विशेषज्ञों को इस बात का अध्ययन करते हुये यदि निर्माण कार्य कराया गया होता तो इस मॉडल रोड़ की लम्बी उम्र की कल्पना की जा सकती थी? कुछ इसी तरह का हाल दूसरे भाग में बनाई गई राठी तिरहा से टी व्ही एस शोरूम तक मॉडल रोड़ के फेस टू में देखने मिल रहा है। क्योंकि इस तरह जल सप्लाई लाईन के ऊपर करोड़ो रूपया की राशि से बनाई जाने वाली इस मॉडल रोड़ में आये दिन टूट फूट होने के कारण खुदाई होना आम बात रहेगी। इस तरह अपने निर्माण के चंद दिनों के उपरांत करोड़ो की राशि से बनी हुई यह मॉडल रोड़ विभाग के विशेषज्ञों की अनदेखी के चलते दुर्दशा का शिकार होने से नही बच पा रही है। वही दूसरी ओर जिस तरह नगर की मॉडल रोड़ को लेकर नगरवासियों द्वारा जिस तरह शहर की सुन्दरता का सपना संजोया गया था उसे भी ग्रहण लगने में कोई कसर बाकी नही रही है। इस तरह शासन द्वारा विकास कार्यो के नाम पर उपलब्ध कराई जा रही राशि को जिम्मेदारों द्वारा सिर्फ ठिकाने लगाते हुये विकास कार्यो के नाम पर वाही वाही लूटने का जो प्रयास किया जा रहा है वह सिर्फ शासकीय धन की होली खेलने के आलवा और कुछ साबित होने से नही चूक पा रहा है?

# स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने किया शासकीय कन्या शाला का दौरान



**गाडरवारा।** प्रदेश स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बीते हुये दिवस नगर के शासकीय कन्या शाला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय को स्वीकृत भवन के निर्माण स्थल का भी मुआयना किया। बताया जाता है कि मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं इंजीनियर को निर्देशित किया कि वे शासकीय कन्या स्कूल में भवन निर्माण के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण पास में स्थित टाउन स्कूल के प्रांगण में नया भवन बनायें। इस दौरान स्कूल प्राचार्य सुशील शर्मा ने मंत्री को विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराते हुये उन्होंने बताया कि लगभग एक हजार छात्राओं की दर्ज संख्या वाले स्कूल में छात्राओं के लिए पर्याप्त कमरे नहीं है। इस मौके पर प्राचार्य ने टीन शेड की भी मांग की। इस पर मंत्री सिंह ने उक्त मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, राव संदीप सिंह, नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रतुल इन्दुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# बेटियों की शिक्षा एवं सम्मान को समर्पित रहेंगे जवारे -बसेड़िया



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** ज़ब भी कोई कार्य या अनुष्ठान निष्काम भाव व परमार्थ के लिए होता है तो उसमे किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं होता। कुछ इसी प्रकार का उदाहरण आज 30 मार्च से ग्राम कौडिया रोड स्थित माँ बीजासेन दरबार मे चैत्र नवरात्र महोत्सव के दौरान देखने को मिलेगा। इस महोत्सव मे समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा गुरुदेव भगवत प्रसाद शास्त्री के सानिध्य मे अपने परिवारजनो के साथ जवारो एवं श्री दादा धूनी वालों की दिव्य कुटी की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा सतत कन्याओ का पूजन, भंडारा कर उन्हें पठन,लेखन, शिक्षण सामग्री वस्त्र श्रंगार आदि भेंट की जाएगी। वही इस दौरान मुकेश बसेड़िया ने आयोजन से जुडी जानकारी देते हुए बताया कि आज 30 मार्च को चैत्र प्रतिपदा, शोभा यात्रा एवं जवारे स्थापना, चैत्र शुक्ल पंचमी को चंदेवा समर्पण, महाखीर भोग, अखाडा, महाष्टमी को महानिशा पूजन, हवन, कन्या भंडारा एवं नवमी को जवारे विसर्जन आदि कार्यक्रम होंगे। प्रतिदिन हवन शाम 7 बजे एवं महाआरती रात 8 बजे होंगी। यह आयोजन व जवारे बेटियों की शिक्षा एवं सम्मान को समर्पित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि ग्राम पूरेना रंधीर मे लगातार 21 वर्ष तक उपरोक्त आयोजन होने के उपरांत इस वर्ष ये आयोजन माँ बीजासेन दरबार गाडरवारा मे होगा।

# आखिर में क्या यही है सरकार का स्वाच्छता अभियान, गांवों में हेण्ड पंपों के पास लगा गंदगी का अम्बार



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव करोड़ो रूपया खर्च करते हुए स्वाच्छता अभियान चलाते हुए खूब वाही वाली लूटी जा रही है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि गांवों में लगे हुए हेण्ड पंपों के पास गंदा पानी एकत्र होने के कारण लोगों को शुद्व पीने का पानी तक उपलब्ध नही हो पा रहा है, इस स्थिति को देखते हुए जहां अधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर सबाल खड़े होते हुए देखे जा रहे है? वही दूसरी ओर लोगों द्वारा प्रदूषित पानी पीने के कारण बीमार पड़ने की भी संभावना बढ़ते हुए दिखाई देनने से नही चूक पा रही है, इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि आम लोगों के उपयोग हेतु लगे हुए हेण्ड पंप के पास इस प्रकार की स्थिति बनी हुई है कि संपूर्ण गांव की गंदी नालियों का पानी एकत्र होने के कारण हेण्ड पंप के समीप गंदगी फैल रही है, वही इस गंदे पानी के कारण हेण्ड पंप भी अब बदबूदार पानी छोड़ते हुये देखे जाने लगे है? जिसके कारण गांवों के लोग इस भीषण गर्मी के दौरान पानी के लिये यहां वहां भटकने के लिये मजबूर देखे जाने लगे है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांवों में लगे हुए हेण्ड़ पंपों के पास चारों ओर से गंदा पानी भरने के कारण जहां हेण्ड पंप से भी वही गंदा पानी निकलने लगता है जो पानी पीने योग्य नही होने के कारण लोगों परेशान होना पड़ रहा है, मगर इस ओर न तो पंचायतों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही संबंधित विभाग द्वारा जिसके चलते लोगों को पीने के पानी हेतु भटकने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर प्रशासन द्वारा गांव गांव चलाये जा रहे स्वाच्छता अभियान पर भी सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है, हेण्ड पंप की इस स्थिति को देखते हुए लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि सरकार का सपना इस सच्चाई के चलते पूरा हो पायेगा?

# वन विभाग सहित राजस्व विभाग की कुम्भकर्णी निंद्रा के चलते चल रहे हरे भरे वृक्षों पर कुल्हाडी

**गाडरवारा।** पर्यावरण की रक्षा को ध्यान में रखते हुये बीते हुये वर्ष शासन द्वारा 53 प्रकार के पेड़ो की कटाई पर सख्ती से रोक लगाने के आदेश जारी किये गये है जिसमें आम, महुआ, जमुन सहित अनेक फलदार वृक्षों को शामिल किया गया है। मगर इसके बाद भी इस समय जिस प्रकार से चीचली व सालीचौका क्षेत्र में इन प्रतिबंधित पेड़ो की लगातार हो रही कटाई को देखते हुये यह जान पड़ने से नही चूक रहा है कि शायद पर्यावरण के साथ खिलबाड़ करते हुये इस प्रकार हरियाली माफियों के लिये वन विभाग सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा मोन स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिसके चलते वह क्षेत्र में लगातार हरे भरे वृक्षों को धडल्ले से धराशाही करने से नही चूक रहे है? बताया जाता है कि शासन द्वारा आम सहित अन्य फलदार वृक्षों की कटाई पर रोक लगाते हुये इन की निगरानी करने का जिम्मा वन विभाग सहित राजस्व विभाग को सौपा गया है, मगर वन विभाग से लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों की कुम्भकर्णी निंद्रा का परिणाम है कि क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी का कारोबार करने वालों द्वारा आये दिन इन भारी भरकम पेड़ो की मशीनों के माध्यम से कटाई करते हुये उनका परिहवन करते हुये देखे जाने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होने के चलते यह अनुमान लगने लगा है कि शायद वन विभाग के साथ साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते ही क्षेत्र में पर्यावरण के साथ खुलेआम खिलवाड़ की जा रही है

# आसमान में उड़ने वाली कालिख आमजन के लिये बन रही परेशानी का कारण...



**गाडरवारा।** लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण को लेकर न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही आम लोगों द्वारा जिसका परिणाम यह जान पड़ने लगा है कि क्षेत्र की स्थिति एक दिन इस प्रकार से बन जावेगी जिस प्रकार से देश की राजधानी दिल्ली में निर्मित होते हुये देखी जा रही है..? क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में गन्ना कटाई का कार्य पूर्ण होने के बाद जहां किसानों द्वारा अपने खेतों को खाली करने के लिये खेतों में पड़ी हुई गन्ने की पतरोई को धडल्ले से जलाते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर लोगों द्वारा अपने खेतों में लगाई गई गेंहू फसल को हार वेस्टर से कटाई करने वाद गेंहू के डन्ठल यानि की नरबाई को जिस तरह आग के हबाले करते हुये देखा जा रहा है। वह चिंता जनक बनने से नही चूक पा रहा है। इस प्रकार से गन्ने की पतरोई तथा गेंहू की नरबाई को जलाने का परिणाम है कि नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में जली हुई पटरोई तथा गेंहू की डन्ठल के कारण दिन भर कालिख उड़ते हुये देखी जा रही है जो लोगों की छतो सहित मुख्य मार्गो पर पड़ी हुई आसानी से देखी जा सकती है। इस प्रकार से अपने स्वार्थो के चलते जहां खुलेआम पर्यावरण से खिलबाड़ की जा रही है। वही दूसरी ओर कुछ किसानों द्वारा भी अपने खेतों को खाली करने की सोच रखते हुये खेतों में पड़ी हुई गन्ने की पतरोई व गेंहू की नरबाई को धडल्ले से जलाया जा रहा है। उसके चलते अनेक जगहों पर स्थिति इस प्रकार से निर्मित हो चुकी है कि आसपास के संपूर्ण क्षेत्र में आग फैलने के कारण अन्य लोगों के खेतों में खड़ी हुई फसलों को भी अपने चपेट में लेने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर आसमान में धुंआ फैलने के कारण लोग परेशान होते हुये देखे जाने लगी है। वही लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हुये ध्यान नही दिया गया तो हमारा क्षेत्र में दिल्ली के समान बनने में देर नही लगी और लोगों को सांस लेने के लिये शुद्व हवा मिलना मुश्किल हो जावेगा...?

# शमशान घाट पर आवारा मवेशियों का लगा रहता है जमावड़ा, गंदगी के बीच अपनी जिन्दगी के अंतिम पंडाव को पार करने मजबूर लोग



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस समय जिस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा गांव गांव पक्के शमशान घाट इस सोच के चलते निर्मित कराये जा रहे है कि आदमी की जीवन की अंतिम यात्रा तो सुखमय तरीके से पूर्ण हो सके और जब किसी व्यक्ति की जिन्दगी समाप्त होने के बाद जब उसे अंतिम संस्कार करने के लिए ले जावे तो लोगों को कुछ शांति का अहसास हो सके? मगर इस समय जिस प्रकार से सांईखेड़ा के शमशान घाट की सच्चाई देखी जा रही है उसके चलते सरकार की संपूर्ण विकास कार्यो पर सबालिया निशाल लगने से नही बच पा रहे है? क्योंकि नगर का एक मात्र शमशान घाट अनेक प्रकार की अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ दिखाई पड़ रहा है, जिसके उद्वार हेतु किसी भी प्रकार की सोच नही होने के कारण जहां यह शमशान घाट चारो ओर गंदगी से घिरा हुआ है, वही दूसरी ओर यहां पर चारो ओर से अतिक्रमण होने के कारण नगर का शमशान घाट मुश्किलों के बीच अपना दामन बचाने के लिए जूझते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो इस शमशान घाट पर किसी भी प्रकार की सुरक्षा नही होने के कारण जहां दिन भी आवारा पशुओं का जमावडा लगा रहता है, जिसके चलते जब कोई व्यक्ति किसी भी शव का अंतिम कार्य करने के लिए लेकर पहुंचते है तो आवारा पशुओं के बीच उस कार्य को पूर्ण करने के लिए भी लोगों को परेशानियों से जूझने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है?

# शनि अमावस्या के मौके पर नगर के शनि मंदिर में दिन भर चलते रहे पूजन के आयोजन





**गाडरवारा।** लम्बे अंतराल के बाद यह अवसर प्राप्त हुआ है कि शनि अमावस्या के दूसरे दिवस नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है। इस तरह बीते हुये शनिवार को शनि अमावस्या के अवसर पर नगर के बोदरी नाका स्थित शनि मंदिर मे शनि भक्तो का ताँता लगा रहा। वही बताया जाता है कि इस शनि मंदिर मे सुबह से ही नगर एवं आस पास के ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव को तेल अर्पित करते हुए पूजन अर्चना की एवं प्रसाद चढ़ाया। वही दूसरी ओर मंदिर मे हवन, आरती के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की गई। उल्लेखनीय है कि शनि मंदिर मे शनि अमावस्या की तैयारियां पहले से ही की जा रही रही। वही शनि अमावस्या के मौके पर दिन भर आयोजन समिति से जुड़े प्रहलाद उपाध्याय एवं उनकी टीम व्यवस्थाओ को बनाने मे सक्रिय रही।

## खबर संक्षेप

### मंडल शहपुरा की बैठक संपन्न

**शहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती के नेतृत्व में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर बैठकर आहूत की गई बैठक प्रभारी जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी उपस्थित रहे जिन्होंने एक राष्ट्र एक चुनाव की बैठक संपन्न कराई इसी तारतम में मंडल शहपुरा की बैठक आहूत की गई, जिसमें अतिथि के रूप मे जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी वरिष्ठ नेता मनोहर सोनी, संतोष साहू राजेश साहू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, कार्यक्रम के शुरुआत में भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ.श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तेली चित्र पर तिलक बंधन व माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की गई,बैठक को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष ने बताया कि अभी वर्तमान में हमारे आगामी कार्यक्रम जिसमें मन की बात कार्यक्रम वी 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस दोनों कार्यक्रम मतदान केंद्र स्तर पर मनाया जाना है। जिसके लिए हम सभी मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मतदान केंद्रों में यह कार्यक्रम विधिवत संपन्न हो इसकी चिंता करना है। ज्ञानदीप त्रिपाठी जिला महामंत्री ने कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव के माध्यम से पूरे देश में एक साथ एक समय पर चुनाव होने से देश की आर्थिक राजनीतिक गतिविधियों में सुधार होगा बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और सुरक्षा बलों, शिक्षकों, और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा। वरिष्ठ नेता बाबा ठाकुर ने कहा कि "एक राष्ट्र, एक चुनाव" का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन, और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्ताव पारित करना नगर निगम नगर पालिका जिला पंचायत नगर पंचायत ग्राम पंचायत द्वारा समिति की बैठक बुलाकर सामूहिक रूप से एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पारित करना एवं महामहिम राष्ट्रपति जी को भेजना है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मनोहर सोनी बालमुकुंद सोनी राजेश साहू बाबा ठाकुर संतोष साहू मनोज सोनी रामकिशोर सोनी अजमेर तेकाम संतोष सोनी अनूप गुप्ता राम जी गुप्ता एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के प्रयासों से बनी रोड, जताया आभार

**अनूपपुर।** अमृत स्टेशन योजना के तहत अनूपपुर रेलवे स्टेशन एरिया में व्यापक विकास के कार्य विगत 06 माह से हो रहे है। इस कार्य में मटेरियल एवं अन्य कार्य हेतु भारी वाहन निरंतर शिवम् रेलवे कालोनी से होकर आना जाना कर रहे थे, जिसके कारण शिवम रेलवे कालोनी की रोड़ में बहुत ज्यादा खराब हो गये रेलवे कालोनी रोड़ में बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे, जिसके कारण रेलवे कालोनी के वासियों को बहुत तकलीफ़ हो रही थी। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के नवनियुक्त शाखा सचिव जयंतोदास गुप्ता ने बताया की शिवम् रेलवे कालोनी अनूपपुर में निवासरत महिलाओं ने रेलवे कालोनी के रोड़ को सुधार करने की मांग मजदूर कांग्रेस से की थी रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर ने विगत 29 फरवरी व 01 मार्च को संपन्न हुए पीएनएम बैठक बैठक मद क्रमांक 48 में अनूपपुर रेलवे कालोनी की रोड़ एवं अन्य समस्याओं को डीआरएम बिलासपुर के समक्ष रखा था। इस बीच गुप्त मतदान चुनाव 24 होने के कारण बैठक नहीं हो पाईं थीं, गुप्त मतदान चुनाव 24 जीतने के बाद मजदूर कांग्रेस ने पहले पीएनएम बैठक 12 व 13 मार्च 2025 को रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव व मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री ने अपर मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर योगेश कुमार देवांगन के समक्ष शिवम रेलवे कालोनी की खराब रोड को तत्काल सुधारने की मांग प्रमुखता से रखी। गंभीर समस्या को देखते हुए एडीआरएम बिलासपुर सख्त निर्देश जारी कर उक्त कालोनी रोड़ सुधारने का आदेश दिया मजदूर कांग्रेस की मांग पर रेल प्रशासन के आदेश पर 25 मार्च को शिवम रेलवे कालोनी का रोड नया बना दिया गया।

# पुलिस ने दो साल पुराने हत्या के मामले का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

थाना समनापुर पुलिस ने दो साल पुराने अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी अभी फरार है।

डिंडौरी ।

1 सितंबर 2023 को भानपुर निवासी रामू सिंह मरकाम ने थाना समनापुर में सूचना दी थी कि उसके बड़े पिता के बेटे धरम सिंह का शव उनके मकान के पीछे खेत में पड़ा है। शव पर हाथ-पैर में छिलने के निशान थे और चेहरा काला पड़ गया था। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 72/23 धारा 174 जाफौ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने मौत का कारण बिजली करंट से शॉक लगना बताया, लेकिन जहां शव मिला वहां कोई विद्युत कनेक्शन नहीं था। इससे संदेह हुआ कि शव को कहीं और से लाकर यहां रखा गया है। इस आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 433/2023, धारा 304 और 201 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया।

### दो साल तक चला पुलिस का अभियान

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी बजाग के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश के लिए विशेष प्रयास किए गए। लेकिन कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिलने के कारण मामला लंबित था। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर था और दावा कर रहा था कि पुलिस उसे पकड़ नहीं रही।

### स्पेशल टीम ने किया खुलासा

निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती के नेतृत्व में गठित स्पेशल पुलिस टीम ने लगातार साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान त्रिलोक सिंह मरकाम और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया, जिन्होंने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया।

### आरोपियों ने ऐसे रची थी साजिश

31 अगस्त 2023 को त्रिलोक सिंह के खेत में टिल्लू पंप का बिजली तार चालू था। उसी दौरान वहां से गुजरते समय धरम सिंह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आरोपी त्रिलोक सिंह, मोहित मरकाम और एक नाबालिग ने घटना छिपाने के लिए अगले दिन रात 12 बजे शव को उठाकर मृतक के खेत में रख दिया, ताकि यह हत्या लगे और उन पर कोई शक न जाए।



### पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

पुलिस ने त्रिलोक सिंह मरकाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि दूसरा आरोपी मोहित मरकाम अभी फरार है। उसकी तलाश जारी है।

### इनकी रही विशेष भूमिका

मामले को सुलझाने में थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती, सउनि. राजेश यादव, प्रआर. दर्शन सिंह मसराम, प्रआर. भारत बसंत, प्रआर. कृष्णपाल सिंह, प्रआर. पहलू सिंह तेकाम, आर. सियाराम मरकाम, आर. आशीष घरडे, आर. ओमकार आर्मो और सायबर सेल डिंडौरी के प्रआर. मुकेश प्रधान की विशेष भूमिका रही। समनापुर पुलिस की इस कार्रवाई से दो साल पुराने अंधे हत्याकांड की गुत्थी सुलझ गई है और एक आरोपी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुका है।

# भाजपा मंडल डिंडोरी में "एक राष्ट्र, एक चुनाव" पर बैठक संपन्न





डिंडौरी ।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के मार्गदर्शन में जिले के सभी मंडलों में "एक राष्ट्र, एक चुनाव" को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसी क्रम में मंडल डिंडोरी की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र राजपूत और वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र पर तिलक वंदन एवं माल्यार्पण से हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य ने आगामी कार्यक्रमों, जैसे "मन की बात" और 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस, को मतदान केंद्र स्तर पर सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी पर चर्चा की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत ने "एक राष्ट्र, एक चुनाव" की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्था में सुधार होगा। बार-बार चुनाव होने से प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है, जिसे एक साथ चुनाव कराकर कम किया जा सकता है। वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया ने बताया कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से देश में विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी। इस बैठक में स्थानीय निकायों द्वारा "एक राष्ट्र, एक चुनाव" के समर्थन में प्रस्ताव पारित कर महामहिम राष्ट्रपति को भेजने का निर्णय भी लिया गया। बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण बर्मन एवं कुंजन नंदेहा ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता सारस, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नरवदिया मरकाम, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष परसराम नागेश, जिला मंत्री सपना जैन, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नगर में बनी खुली नालियां,दुर्घटनाओं को दे रही निमंत्रण
### आए दिन गाय गिरने की घटना हो रही घटित



### मामला शहपुरा नगर परिषद का

**शहपुरा।** डिंडोरी जिला की शहपुरा नगर परिषद का है नगर परिषद शहपुरा की उदासीनता और लापरवाही के कारण शहर की गलियों में बनी खुली नालियां दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही हैं। इन नालियों में कचरों का ढेर लगने से पानी जमाव होने लगा है, जिससे सड़कों को नुकसान पहुंचता है और सड़न, बदबू और मच्छरों के पैदा होने लायक माहौल भी बनता है।इस समस्या के समाधान के लिए, नगर परिषद को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। खुली नालियों को ढक देने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।नालियों में जमा कचरों को निकाल देने से पानी का जमाव रुक सकता है।सड़कों की मरम्मत करके उन्हें सुरक्षित बनाया जा सकता है।

# मां कर्मा देवी जयंती पर निकाली शोभायात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

विकासखंड मुख्यालय मेहदवानी में शुक्रवार को साहू समाज की आराध्य देवी कर्मा देवी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ बनाई गई इस मौके पर साहू समाज ने आकर्षक प्रस्तुति दी कर्मा देवी जयंती पर साहू समाज ने शोभा यात्रा निकाली जो साहू समाज ने भर्रा टोला, से सहाना टोला, बस स्टैंड रंगमंच पर कार्यक्रम नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कर्मा देवी के रूप में रथ में विराजमान कन्या लोगों की आस्था का केंद्र रही शोभायात्रा बड़ी संख्या में साहू समाज की महिलाएं शामिल हुई महिलाओं और पुरुषों में भी जुलूस में शामिल होकर भव्य रूप से माता कर्मा देवी शोभायात्रा निकाली साहू समाज के ब्लॉक अध्यक्ष धनीराम साहू कार्यक्रम अध्यक्ष रामगोपाल साहू जिला अध्यक्ष दुर्गेश साहू संभागीय संगठन मंत्री बद्री प्रसाद साहू ग्राम इकाई समिति अध्यक्ष हरदिन साहू सचिन चेतराम साहू परशुराम साहु बलाराम साहू रमेश साहू अनेक राम साहू सरसडोली से विद्यासागर साहू राम चरण साहू लखन साहू रामस्वरूप साहू कठौतिया से सुखलाल साहू खूबचंद साहू कृष्ण कुमार साहू कृष्ण कन्हैया साहू शाहपुरा से मां कर्मा समिति संयोजक एवं विशिष्ट अतिथि टकेश्वर साहू निर्मला साहू दयाराम साहू मन्नू साहू विशिष्ट अतिथियों ने साहू समाज में समाज की संगठन की एकता का परिचय देते हुए समाज को मजबूत बनाने का प्रेरणा देता है।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य को विद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई

डिंडौरी ।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रयपुरा के प्राचार्य सुभाष चंद्र सोनी के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा शनिवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह में प्राचार्य सोनी का तिलक बंदन कर, फूल-माला पहनाकर एवं शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें आकर्षक एवं जीवनोपयोगी उपहार भी प्रदान किए गए। वक्ताओं ने उनकी सेवाओं को सराहते हुए कहा कि वे एक कर्मठ, समर्पित, मृदुभाषी एवं शिक्षा प्रेमी प्राचार्य रहे हैं। उन्होंने अपने 37 वर्षों के सेवाकाल में निस्वार्थ भाव से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और छात्र-छात्राओं को अनुशासन व संस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी शहपुरा, उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा के प्राचार्य, सेवानिवृत्त प्राचार्य सी.पी. पाठक, प्रधान पाठक एस.पी. तिवारी, भूमि दानदाता दयाल सिंह मरावी सहित संकुल केंद्र कछारी के सभी शैक्षिक संस्थानों के स्टाफ एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त प्राचार्य सुभाष चंद्र सोनी ने कहा कि विद्यालय के प्रति उनका जुड़ाव हमेशा बना रहेगा और वे शिक्षा क्षेत्र में योगदान देते रहेंगे।



# किसानों ने अमरूद व लाख की खेती पर प्राप्त किया तकनीकी प्रशिक्षण




अनूपपुर।

बाएफ लाइवलिहूड्स मप्र एवं नाबार्ड आदिवासी विकास निधि के सैयुक्त तत्वाधान मे संचालित वाड़ी विकास कार्यक्रम, वि ख जैतहरी जिला अनूपपुर, जो की वि ख जैतहरी के चयनित 9 ग्राम मे आदिवासी किसानो की जीविका को सशक्त करने के उद्देश्य से कार्यरत हैं, यह परियोजना से 2024 से 2029 तक स्वीकृति हैं जिसमे 450 परिवारों मे फलदार पौधों का बगीचा लगाना, बहु स्तरीय सब्जी की खेती इंटरक्रॉपपिंग के रूप मे, जल संसाधन का विकास करना तथा 50 भूमि हीन परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के आलावा, महिलाओ को प्रशिक्षण तथा ग्राम मे स्वास्थ्य सम्बंधित सुविधाओं को प्रदान करना, नौ गाँव मे सभी पशुपालक परिवारो को पशुओ मे नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा प्रदान किया जाना हैं। इस परियोजना के तहद 29 मार्च को सूर्या हॉटल अनूपपुर मे विकास खण्ड जैतहरी के परियोजना अन्तर्गत ग्राम के 50 किसानो को baif livelihoods भोपाल से आयी कृषि विशेषज्ञ नेहा खन्ना ने किसानो को अमरुद की खेती पर तकनिकी प्रशिक्षण दिया जिसमे पौधा पोषण एवं पौध संरक्षण पर विशेष प्रकाश डाला। इसी के साथ हार्ड संस्थान के प्रमुख सुशील शर्मा जो की अनूपपुर जिले मे किसानो को जीविका सुधार एवं तकनिकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। सुशील शर्मा ने किसानो को लाख एवं सेमिलता की खेती पर तकनिकी प्रशिक्षण दिया साथ ही लाख की खेती के लिए आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस शैक्षणिक प्रशिक्षण की अगुवाई गोविन्द सिंह भगत परियोजना अधिकारी तथा गणपत राव ठाकरे नवीन राहाँगडाले परियोजना सहायक ने की। जिस दौरान बाएफ भोपाल से अधिकारी, नेहा खन्ना एवं हार्ड संस्थान से सुशील शर्मा तथा टीम तथा अनूपपुर के वाड़ी प्रतिभागी, हेमंत, बाबूलाल सिंह, भद्दू सिंह, शिव प्रसाद सिंह, बिसाहुलाल, हीरा सिंह, गोविन्द सिंह, टीकम सिंह, प्रेम सिंह विश्वनाथ,चरन, बालगोविन्द, रघुनाथ सिंह, केशव सिंह आदि सहित 50 किसान उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय मेंहदवानी में प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र वितरण



हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी में स्वामी विवेकानंद कॉरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित तथा विकास केंद्र भोपाल सेट मैप द्वारा आयोजित अल्पावधि रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र का वितरण मंगलवार को महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री बैजनाथ साहू के आतिथ्य में एवं प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के मार्गदर्शन में हुआ प्रशिक्षण अवधि दिनांक 24 फरवरी 2025 से 20 मार्च 2025 तक कुल 60 घंटे का रहा। समापन समारोह में महाविद्यालय के टी पी ओ डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय ने वर्तमान समय में तकनीकी कौशल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और सभी अतिथियों का आभार जताया सेट मैप के जिला समन्वयक श्री एस के शर्मा ने प्रशिक्षित विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दी कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ शशिकांत चंदेला, सुश्री माया कनासे, डॉ अलका अवस्थ, डॉ गौरी सिंह परते, श्रीमती सुंदरवती यहके, श्रीमती अमृता सूर्यवंशी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

# हाथियों के धमाचौकड़ी से परेशान ग्रामीण
### लगातार पहुंचा रहे नुकसान, समझाइश तक सीमित वन अमला

अनूपपुर।

एक हाथी विगत 10 दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील, वन परिक्षेत्र एवं थाना क्षेत्र में निरंतर विचरण कर रहा है वही दो नए हाथी शनिवार की सुबह मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील अंतर्गत चोलना गांव से लगे छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा मरवाही क्षेत्र में पहुंचकर विश्राम कर रहा है जिसके देर रात चोलना गांव में प्रवेश करने की संभावना बन रही है, ग्रामीणों द्वारा पूरी रात अपने इलाके से हाथियों को दूर करने में लग रहे हैं, हाथी द्वारा शाम से पूरी रात ग्रामीणों के खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाता रहा। विदित है कि एक दांत वाला एक नर हाथी विगत 10 दिनों से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को एक बार फिर पार करते हुए मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील,वन परिक्षेत्र एवं थाना क्षेत्र निरंतर विचरण कर रहा है जो दिन होते ही जंगलों में प्रवेश कर दिन भर विश्राम करने बाद शाम होते ही आहार की तलाश में जंगल से निकल कर 8 से 10 किलोमीटर की दूरी के मध्य स्थित विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों के खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाते हुए सुबह होने पर फिर से जंगल में विश्राम करने चला जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**नरसिंहपुर**। गत दिवस थाना क्षेत्र सुआतलानिवासी महिला के साथ कुछ लोगों द्वारा छेड़छाड़ व मारपीट कर दी गई। शनिवार को एसपी को शिकायत दी। शिकायत मे बताया गया कि एक दिन पहले 27 मार्च को वह पति के साथ जंगल में महुआ बीनने गई थी। वहां भी आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट की। अगली रात आरोपी कुछ साथियों के साथ उसके घर में घुस आए। महिला के विरोध करने पर उसे मारा और कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता की आवाज सुनकर उसका भांजा और पति मदद के लिए आए। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। अगले दिन जब पीड़िता थाना सुआतला में शिकायत करने गई, तो आरोपी लाठियां लेकर वहां मौजूद थे। डर की वजह से वह रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन की होगी प्रस्तुति आज

**नरसिंहपुर**। राज्य शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला मुख्यालय में सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन देव श्री नरसिंह मंदिर परिसर नरसिंहपुर में 30 मार्च को प्रात 10 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 30 मार्च को प्रात 10 बजे किया जायेगा। प्रस्तुति दल एवं अतिथियों द्वारा मंच पर ब्रह्मध्वज का वंदन किया जायेगा। इसके बाद जिला प्रशासन के उद्घोषक द्वारा विक्रम संवत की भूमिका, नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन होगा और इसके बाद अतिथियों का उद्बोधन होगा। सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन की प्रस्तुति श्री प्रवीण नामदेव के निर्देशन में ऋतुरंग शाला नरसिंहपुर द्वारा दी जायेगी। सभी प्रमुख मंदिरों एवं अन्य स्थलों पर ब्रह्मध्वज की स्थापना की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने परियोजना अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन जिला पंचायत राजेश तिवारी को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एके व्यौहार व मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरसिंहपुर नीलम चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया हैं। आयोजन स्थल पर मंच, प्रकाश एवं ध्वनि व्यवस्था तथा कला दलों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जायेगी। आयोजन के समुचित प्रचार- प्रसार के लिए भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तिका एवं जिले के प्रमुख मंदिरों व शासकीय भवनों पर स्थापित करवाने के लिए कहा गया है। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन नरसिंहपुर के सहयोग से किया जावेगा।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आज से शुभारंभ

**तेंदूखेड़ा**। चैत्रीय नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री देव लक्ष्मीनारायण बांके बिहारी मां हरसिद्धि जी की कृपा से मिठया परिवार के द्वारा हरसिध्दि मंदिर परिसर में पं कृष्णांक मिश्रा के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का गुणानुवाद आज रविवार 30 मार्च से 5 अप्रेल तक किया जायेगा। कलश यात्रा के साथ शुरू होने वाले इस ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान 1 अप्रैल को श्री राम रसिया भक्त मंडल का संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं 2 अप्रैल को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।5 अप्रेल को विशाल भंडारे के साथ कथा विश्राम होगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### शनिदेव के जयकारों से गूंजे शनि मंदिर



**तेंदूखेड़ा**। लम्बे अंतराल के बाद शनिवारी अमावस्या एवं शनि देव के नक्षत्र के साथ बने दुर्लभ त्रिवेणी योग के कारण कल शनिदेव के मंदिरों में प्रातः काल से ही अच्छी भीड़ रही। शनिदेव के मंदिरों में लोगों ने पूजन अर्चन करके तेल से भगवान का अभिषेक किया। कई प्रकार के नैवेद्य अर्पित किये गये।जय शनि देव जय शनि देव के जयकारों से धार्मिक वातावरण के साथ नगर के मध्य में विराजमान शनि देव के मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तों द्वारा पूजन अर्चन तैलाभिषेक महाआरती प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

## 65 दिन बाद भी वन विभाग के हाथ खाली

# वन विभाग की कार्रवाई पर संदेह

**वन विभाग द्वारा बीते दो माह पूर्व बड़ी कार्रवाई कर सागौन जब्त किया गया था। उक्त कार्रवाई में वन विभाग द्वारा कागजी कार्रवाई पूर्ण कर जब्ती हुआ सागौन का नापतौल कर आरोपी के स्थान पर ही छोड़ दिया गया। जिस पर वन विभाग द्वारा वाहन ना होने की बात कही गई थी। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी जब्ती हुआ सागौन ना उठाना वन विभाग के प्रति लोगों के संदेहो को बढ़ा रहा है। वन विभाग की सांठगांठ का भी अंदेशा बढ़ा रहा है।**



हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

तीन सप्ताह बाद भी डिपो नहीं पहुंचा जब्त हुआ सागौन



**नरसिंहपुर**। शासन द्वारा वनों को बचाने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे है परन्तु वन विभाग के लापरवाह व गैर जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के कारण वनों की दिन प्रतिदिन क्षति हो रही है। वही कुछ मामलों में वन विभाग द्वारा लेट लतीफी कर आरोंपियों को बढ़ावा भी दिया जाता है। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद होते है। ऐसा ही एक मामला जिला मुख्यालय का सामने आया जहां पर वन विभाग द्वारा कार्रवाई के बाद सागौन को जब्त कर डिपो लाना भूल गया। वही लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि वन विभाग द्वारा सांठगांठ की जा रही है।

### मामला इस प्रकार

बीते 24 जनवरी 2025 को स्टेशनगंज थाना क्षेत्र पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की अवैध सागौन काट कर लाया गया है सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सागौन को पकड़ा तथा कार्रवाई के लिये वन विभाग को दिया गया। वन परिक्षेत्र नरसिंहपुर की टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर वन अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अवैध सागौन को जब्ती मे लिया। वन विभाग द्वारा मौके पर सागौन की जब्ती बनाकर सागौन को वही छोड़ दिया जिस पर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वाहन ना होने के कारण सागौन उठाकर नही लाया गया। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी वन विभाग द्वारा जब्ती माल को कब्जे में नही लिया गया जो कई संदेहों को जन्म दे रहा है।

### ये हुई थी जब्ती

मिली जानकारी के अनुसार स्टेशनगंज क्षेत्र में वन विभाग द्वारा कार्रवाई के दौरान वन अधिनियम के तहत प्रकरण तैयार कर सागौन की जब्ती बनाई गई थी जिसमें सागौन के लगभग लठ्ठा, चिरान, नग सोफे के तैयार किये जा रहे फ्रेम, दरवाजा मिला जिसकी जब्ती की गई। जब्ती के बाद सागौन को उक्त स्थान पर ही छोड़ दिया गया लेकिन वन विभाग द्वारा तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी सागौन को उठा कर डिपो ला पाना चिंता को विषय है सूत्रों की माने तो आरोपी सागौन के व्यापार मे लंबे समय से कार्य कर रहा है कही ऐसा हो जब्ती किये गये सागौन मे भी हेरफेर कर दिया जावे।

### आरोपियों के बढ़ते है हौसले

वन विभाग द्वारा मामले मे बरती जा रही ढील से लोगों के मन मे कई प्रकार के संदेहों को जन्म दिया जा रहा है। हालांकि वन विभाग द्वारा की जाने वाली लेटतीफी के कारण आरोपियों को भी सह मिलती है। जिससे वन अपराध और भी अधिक होने लगते है वन विभाग को चाहिए की ठोस कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय से दंडित कराया जावे जिससे वन अपराध कम हो तथा शासन की मंशा अनुसार वनों की रक्षा हो सके। वन विभाग को चाहिए कि मामले की सूक्ष्मता से जांच कर आरोपी पर ठोस कार्रवाई करें जिससे अवैध सागौन कटाई पर रोक लग सके। अब देखना होगा कि उक्त मामले मे वन विभाग द्वारा क्या कदम उठाया जाता है।

**इनका कहना है**

उक्त प्रकरण मे कार्रवाई की जा रही है। जब्त माल को डिपो क्यों नहीं लाया गया इसकी जानकारी लेता हूं जब्ती माल मे परिवर्तन नहीं हो सकता है।

**लवित भारती,**
**डीएफओ**

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपियों को कारावास

नरसिंहपुर

शनिवार को न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी गणों कृष्णकांत कुशवाहा. दयाचंद कुशवाहा आयु 25 वर्ष, निवासी- ग्राम ढुरसुरू, थाना चीचली, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 5(स)/6, 3/4 की उपधारा(2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में क्रमश 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 - 5000- जुर्माना सें तथा भादवि की धारा 366 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000- जुर्माना से एवं महेन्द्र कुशवाहा आ. मुन्नालाल कुशवाहा आयु 24 वर्ष निवासी- ग्राम सिरेगांव, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 5(स)/6, सहपठित धारा 16/17 व 3/4 की उपधारा(2), सहपठित धारा 16/17 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में क्रमश 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000- 5000- जुर्माना सें तथा भादवि की धारा 366/109 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000- जुर्माना से दंडित किया गया। अभियोक्त्री के दस्तयाब होने पर उस कथन लेखबद्ध किये गये, जिसके आधार पर प्रकरण में संहिता की धारा 366, 366 ए, 376(3)(एन) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(एल)/6, 3ध4, 16/17 की वृद्धि की गयी। अनुसंधान के आगामी प्रक्रम पर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया, अभियोक्त्री एवं अन्य साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये एवं अनुसंधान तथा अन्य आवश्यक कार्यवाही उपरांत अभियोगपत्र अंतर्गत धारा 366, 366ए, 376(3) (एन) भादवि एवं धारा पॉक्सो एक्ट में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी को दोषी सिद्ध पाते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी को उक्त सजा सें दंडित किया।

## संपदा 1.0 का संचालन होगा बंद

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर**। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश में एक अप्रैल से केवल संपदा 2.0 प्रणाली के माध्यम से ही ई- पंजीकरण एवं ई- स्टाम्पिंग की जा सकेगी। संपदा प्रणाली के पूर्व संस्करण 1.0 का संचालन नवीन दस्तावेज पंजीयन एवं ई-स्टाम्प जारी करने के लिए बंद कर दिया जायेगा। यह जानकारी जिला पंजीयक नरसिंहपुर ने दी है।

## बीआरसी ने विद्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं का किया उत्साहवर्धन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र करेली के अंतर्गत वार्षिक परीक्षा पांचवी आठवीं एवं स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम विद्यालयों में घोषित किए गए. परिणाम प्राप्त कर छात्र छात्राओं में उत्साह देखा गया. विकासखंड स्रोत समन्वयक प्रमेंद्र सिंह जाट द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला हिनोतिया पहुंचकर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन कर अगली कक्षा में पढ़ाई हेतु शुभकामनाएं दी श्री जाट ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह ही बच्चों की उन्नति में सहायक होता है इस उद्देश्य के साथ आज जनपद की शालाओं में पहुंचकर बच्चों को गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है. उक्त अवसर पर एपीसी आनन्द शर्मा. बीएसी अजीत जाट स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावकों एवं शाला परिवार द्वारा सकारात्मक, रचनात्मक कार्यों के साथ शिक्षा में उन्नति हेतु शुभकामनाएं देकर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## सरस्वती स्कूल वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 1 से 11 तक स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष निरंजन सिंह पटेल अभिभावक शरद गुप्ता, मूलचंद सेन प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल परीक्षा प्रभारी श्रीमती रमा गुप्ता, ज्योति जोशी, ईश्वरदास बैरागी, अभिभावकगण आचार्य परिवार भैया- बहनों की उपस्थिति में घोषित किए गए कक्षा नर्सरी से सप्तम तक परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा एकादश गणित, जीव विज्ञान, एवं वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कला संकाय का परिणाम 76 प्रतिशत रहा। कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 87.3 प्रतिशत रहा। कक्षा पंचम एवं अष्टम बोर्ड का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति प्राचार्य एवं आचार्य परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# करियर सप्ताह का आयोजन सम्पन्न



**नरसिंहपुर**। गत दिवस पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार करियर सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा द्वारा छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया शासन के निर्देशानुसार प्रथम चरण में करियर काउंसलर और गाइडेंस पीपीटी के माध्यम से छात्रों को मार्गदर्शन दिया गया। द्वितीय दिवस में यूनिसेफ करियर वेबीनार श्रृंखला का प्रदर्शन यूट्यूब लिंक के माध्यम से छात्रों को दिखाया गया जिसके माध्यम से छात्राओं को कौशल आधारित रोजगार के महत्व की शिक्षा, विदेश में पढ़ाई के लिए अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की शिक्षा उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वितीय सहायता के विकल्प स्थानीय रोजगार के अवसर प्रेजेंटेशन व ब्रोशर के माध्यम से सत्र को संवेदनात्मक और रोचक बनाया गया। तृतीय दिवस में पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान द्वारा कैरियर परामर्श और मार्गदर्शन पर हुनर से होनहार बने वीडियो का प्रस्तुतीकरण किया गया देश के अंतर्गत नई शिक्षा नीति कौशल बोध, 6 से 8 कक्षा हेतु व्यावसायिक शिक्षा, कोडिंग करके गेम्स बनाना सॉफ्टवेयर मैनेजमेंट ह्यूमन सर्विसेज एजुकेशन व इनोवेशन सेक्टर आदि का आयोजन कर छात्रों को लाभान्वित किया गया। चतुर्थ दिवस में शासकीय विवेकानंद कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर गणेश सोनी एवं एमआईएमटी कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर मेजर डॉ. पराग नेमा को आमंत्रित किया गया उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विषय का चुनाव और विभिन्न संकायों हेतु करियर की उपलब्धियों के बारे में छात्रों को लाभान्वित किया करियर सप्ताह के अंतिम दिवस में कक्षा 9वी एवं 11 वीं की अनुत्तीर्ण छात्रों को उनके अभिभावकों सहित शाला में बुलाया गया उनके पुनः प्रवेश की काउंसलिंग के लिए उन्हें विस्तार से समझाया गया एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से अवगत कराया गया एवं हार के आगे जीत के तहत प्रेरित किया गया तथा मार्गदर्शन दिया गया कार्यक्रम के समापन में शाला परिवार द्वारा अन्य उद्योगों के विषय में जानकारी दी गई, इस अवसर पर समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## माता की आराधना पर्व नवरात्र आज से



**नरसिंहपुर**। जिले मे नवरात्र बड़ी आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है तथा लोगो द्वारा अपनी भक्ति व शक्ति के अनुसार मां की उपासना व पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्र को लेकर भक्तों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई। नवरात्र के पहले दिन सुबह से मंदिरों में मातारानी को जल अर्पित करने वाले श्रद्धालुओं की कतारें लगेगी।

### गेहूं के थोक फुटकर व्यापारियों के फार्मों एवं गोदामों की जा रही जांच

**नरसिंहपुर**। संयुक्त संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले में गेहूं के थोक फुटकर व्यापारियों के फर्मों एवं गोदामों की जांच की जा रही है। भारत सरकार द्वारा व्यापारी थोक विक्रेताओं के लिए 250 मीट्रिक टन एवं रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिए 5 मीट्रिक टन गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए निर्धारित की गई है। निरीक्षण के दौरान मेसर्स नेहल इंटरप्राइजेज गाडरवारा में एक मीट्रिक टन व मेसर्स राय ट्रेडर्स में 51 मीट्रिक टन, मेसर्स प्रीमियम फूड्स आमगांवबड़ा-करेली में 1.5 मीट्रिक टन व मेसर्स प्रीमियम फूड्स में 11 मीट्रिक टन और मेसर्स गुरू टेंडिंग कम्पनी करेली में 85.2 मीट्रिक टन गेहूं की स्टॉक सीमा पाई गई। इसी तरह मेसर्स आनंद वेयर हाउसिंग सालीचैका, मेसर्स भगवानदास राय गोटेगांव और ऋषि ट्रेडिंग कम्पनी करेली में कोई भी गेहूं की स्टॉक सीमा नहीं पाई गई। उक्त सभी व्यापारियोंध थोक विक्रेताओं के फर्मों एवं गोदामों का निरीक्षण पर उनके पास गेहूं की पायी गयी मात्रा स्टॉक सीमा से कम पायी गई। यह जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### शराब दुकान खुलने का विरोध सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। नगर के स्टेशन गंज क्षेत्र में शराब दुकान खोलने के विरोध में स्थानीय लोगों ने शनिवार को प्रशासन को शिकायत दी है। गया दत्त वार्ड के निवासियों ने थाना प्रभारी, एएसपी और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यूनियन बैंक के पास प्रस्तावित शराब दुकान का स्थान नियमों के खिलाफ है। यह जगह अशोक नेमा और डालचंद्र नेमा के मकान में है। यह नजूल भूमि पर बना मकान सिर्फ रहने के लिए पट्टे पर दिया गया था। व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए इसकी अनुमति नहीं है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि प्रस्तावित दुकान के पास सी.एम. राइज स्कूल, देव हनुमान मंदिर और रेलवे स्टेशन है। शराब दुकान खुलने से बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

# मंगल कलश यात्रा और ध्वजारोहण के साथ

श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान शुरू





**तेंदूखेड़ा** श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ जिनेंद्र प्रभु की असीम अनुकंपा से संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से श्री दिगम्बर जैन मंदिर परिसर तेंदूखेड़ा में शनिवार से श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान ध्वजारोहण और मंगल कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया है। ब्रह्म विनय भैया के मार्गदर्शन में विधानाचार्य ब्रह संजीव भैया नगर गौरव मनीष भैया एवं पं कमल कुमार शास्त्री के द्वारा मंडप शुद्धि के साथ सभी औपचारिकताएं जैन धर्म के अनुसार संपन्न कराई गई।

### यज्ञो से मिलती है शांति और वातावरण होता है शुद्ध

ध्वजारोहण अवसर पर पहुंचे पूर्व वित्तमंत्री विधायक जयंत मलैया पूर्व विधायक संजय शर्मा भैया राम पटेल वरिष्ठ चिकित्सक डा शचीन्द्र मोदी नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा नगर के वरिष्ठ अशोक राय के द्वारा अपने अपने उद्बोधन में यज्ञों की महिमा का बखान करते हुए स्पष्ट किया कि यज्ञों से ना केवल शांति मिलती है बल्कि देवता भी प्रसन्न होते हैं यज्ञों की ऊर्जा से वातावरण शुद्ध होता है। विश्व शांति की कामना से यह यज्ञ का आयोजन करा रहे डा प्रकाश जैन और उनका परिवार के प्रति सभी कृतज्ञता प्रकट करते हैं। इस मौके पर सभी उपस्थित जनों का आयोजन समीति के द्वारा शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तथा दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अजय जैन के द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन कर भेंट किया। इसके पूर्व मंदिर परिसर से विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई तथा ध्वजारोहण किया गया।कल 30 मार्च से 4 अप्रेल तक पात्र सुद्धि सकलीकरण नित्यमह 5 अप्रेल को अभिषेक शांतिधारा विधान तथा श्री जी की विशाल शोभायात्रा रात्रि में महाआरती मंगल प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ध्वजारोहण अवसर पर समाज के वरिष्ठ सेठ नरेंद्र जैन सुनील मोदी वीरेंद्र मोदी वीरेंद्र स्वदेशी क्षेत्र के वरिष्ठ महेश पालीवाल सुभाष पालीवाल राव अरुण कुमार राजीव अग्रवाल शिवदयाल खेरोनिया डालचंद पटेल के साथ साथ दिगम्बर जैन समाज के स्वाजातीय तथा नगर गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।संचालन महीष मोदी के द्वारा किया गया।



# शक्ति साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्रि आज से प्रारंभ

जगह जगह होगी जवारे कलश की स्थापना









**तेंदूखेड़ा। शक्ति साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्र आज से प्रारंभ हो रहा है। 30 मार्च से प्रारंभ हो रहे हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत और शाकसंवत तथा चैत्रीय नवरात्र एक साथ होने के चलते विशेष महत्व माना जा रहा है। आज से 9 दिनों तक श्रद्धालु मातारानी की उपासना में कोई नंगे पैर तो कोई मौन धारण कर व्रत रखकर मातारानी की साधना में लीन होगें।जगह जगह जवारे कलश स्थापना के साथ देवीमठों पर विशेष साज-सज्जा के साथ पूजन अर्चना की जायेगी।**

नगर के प्रतिष्ठित हरसिद्धी मंदिर सिंहवाहिनी काली मंदिर वीजासेन मंदिर खेरापति मंदिरों मे सुबह से ही जल चढ़ाने वालों की विशेष भीड़ रहेगी। नगर के प्रतिष्ठित दिवालों पर जवारे कलश की स्थापना की जायेगी। जगह जगह विभिन्न प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भी किये जायेंगें। दोपहर में देवी जस भगतें तथा रात्रि में भी धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।